मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष, डी0डब्लू0एस0एम0, शामली की अध्यक्षता में दिनांक 30.07.2025 को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त :-

बैठक में निम्नानुसार अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित हुए :-

1 श्री विनय कुमार तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी, शामली।

2 श्री फूल सिंह यादव, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली।

3 श्री मनोज कुमार पाल/श्री अमित कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली।

4 श्री अविनाश, प्रतिनिधि मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0 एस0पी0एल0 जे0वी0, मुम्बई।

5 श्री निखिल पाण्डे, पी0एम0, मै0 गायत्री-रामकी जे0वी0, हैदराबाद।

6 श्री शिवदत्त, डी0पी0एम0/श्री अखिलेश, क्यू0ए0क्यू0सी0, टी0पी0आई0, शामली।

7 श्री संजय कुमार, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, शामली।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा समीक्षा बैठक हेतु निम्न एजेण्डा मुख्य विकास अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया :-

**बिन्दु संख्या-1 जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा :-**

**(अ) नई पेयजल योजनाऐं** :- जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फर्म मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0एस0पी0एल0 जे0वी0, मुम्बई द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा 169 नग योजनाओं के सापेक्ष 168 पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। शेष एक पेयजल योजना उस्मानपुर पर भूमि विवाद के चलते पेयजल योजना के कार्य प्रारम्भ नहीं किये गये है। वर्तमान तक जनपद में पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी 712 कि0मी0 रोड पुर्नस्थापन के सापेक्ष 655 कि0मी0 रोड (92 प्रतिशत) रोड पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 172 नग के सापेक्ष 166 नग उच्च जलाशय पर कार्य प्रारम्भ हो गया है जिसमें से वर्तमान तक 21 उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण तथा 6 नग उच्च जलाशय पर कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ। 169 नग पे0यो0 के सापेक्ष 72 नग पे0यो0 (85 राजस्व ग्राम) पर नियमित पेयजल आपूर्ति हो रही है। 17 नग पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन के सापेक्ष 15 नग पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन कर दिये गये है। (गुराना एवं मवी तिमाली अहतमाल पे0यो0 विद्युत कनेक्शन शेष है।)

मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा रोड पुर्नस्थापन की समीक्षा की गयी। रोड पुर्नस्थान की अत्यन्त धीमी प्रगति एवं रोड पुर्नस्थापन के कार्य को पूरा करने का वर्क प्लान प्रस्तुत न करने के कारण नाराजगी व्यक्त की गयी। और फर्म मै0 जे0एम0सी0 लक्ष्मी के पी0एम0 को सख्त निर्देश दिये गये कि 2 दिन के अन्दर रोड पुर्नस्थापन के कार्य को पूरा करने का वर्क प्लान प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें ताकि आगामी विधान सभा सत्र में रोड पुर्नस्थापन से सम्बन्धित कोई भी बिन्दु जनप्रतिनिधियों द्वारा न उठाया जा सके एवं ग्रामीणों को आवागमन में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पडे।

**(ब) पुर्नगठन पेयजल योजनाऐं** :- जनपद में फर्म मै0 गायत्री-रामकी जे0वी0, हैदराबाद द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा 13 पुर्नगठन पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 13 पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। वर्तमान तक जनपद में पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी 215 कि0मी0 रोड पुर्नस्थापन के सापेक्ष 212 कि0मी0 रोड (98.60 प्रतिशत) रोड पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 10 नग के सापेक्ष 10 नग उच्च जलाशय पर कार्य प्रारम्भ हो गया है जिसमें से वर्तमान तक 8 उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 17 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 12 राजस्व ग्रामों में नियमित पेयजल आपूर्ति हो रही है। 04 नग पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन के सापेक्ष 03 नग पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन कर दिये गये है। (लांक पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन शेष है।)

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा वर्तमान में पेयजल योजनाओं के समस्त कनेक्शन धारकों को पेयजल आपूर्ति नहीं करायी जा रही है तथा इसके निराकरण हेतु इनके द्वारा कोई रुचि नहीं ली जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा आदेशित किया गया कि समस्त ग्रामों में शत-प्रतिशत घरों

को जलापूर्ति कराना तथा सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर फर्म के साथ योजनाओं का विस्तृत निरीक्षण करना सुनिश्चित करें।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा रोड पुर्नस्थापन की समीक्षा की गयी और फर्म को शेष रोड पुर्नस्थापन को शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिये गये।

**बिन्दु संख्या–2 (अध्यक्ष महोदय के अनुसार अन्य बिन्दु) :–**

मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा समीक्षा के दौरान निम्नानुसार निर्देश दिये गये :–

**1– एफ0एच0टी0सी0** :– मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा अधोहस्ताक्षरी को निर्देश दिये गये कि जो ग्राम, नगरीय क्षेत्र में चले गये है उनके एफ0एच0टी0सी0 के लक्ष्य को मुख्यालय स्तर से पत्राचार कर लक्ष्य से हटाया जाने का अनुरोध पत्र भेजे ताकि माह अगस्त 2025 की सी0एम0 डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक में जनपद **ग्रेड ए** में आ जाये।

**2– खन्द्रावली एवं जसाला पेयजल योजना** :– फर्म के प्रतिनिधि श्री अविनाश द्वारा अवगत कराया गया है कि कावड यात्रा के चलते मार्गों में आवागमन बाधित होने के कारण HDD मशीन कार्य स्थल पर नहीं पहुच पायी शीघ्र ही उक्त दोनो पेयजल योजनाओं पर पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा।

**3– भैंसवाल पुर्नगठन पेयजल योजना** :– उक्त योजना पर अतिरिक्त पाइप लाइन को HDD मशीन द्वारा शीघ्र बिछायी जाये जिससे किसान दिवस के माध्यम से आ रही शिकायत का निस्तारण किया जा सके।

30/07/25
(फूल सिंह यादव)
अधिशासी अभियन्ता/
सचिव डी0डब्लू0एस0एम0
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली।

पत्रांक– 1087 / 108 / 64 दिनांक : 30-7-25

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता (मेरठ क्षेत्र) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ।
5. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
6. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, डी0डब्लू0एस0एम0, शामली।
7. मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष, डी0डब्लू0एस0एम0, शामली।
8. उप जिलाधिकारी शामली/कैराना।
9. जिला पंचायत राज अधिकारी, शामली।
10. अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, द्वितीय/चतुर्थ
11. समस्त खण्ड विकास अधिकारी।
12. जी0एम0/पी0एम0, मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0एस0पी0एल0, मुम्बई।
13. पी0एम0, मै0 गायत्री–रामकी जे0वी0, हैदराबाद।
14. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0/डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, शामली।
15. समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर, खण्ड अन्तर्गत।

अधिशासी अभियन्ता/
सचिव डी0डब्लू0एस0एम0
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली